उज्जैन
शुक्रवार
13
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-102
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



सुशांत केस में नाम आने के बाद के मुश्किल दौर के बारे में बताया कोई मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था : रिया चक्रवर्ती



## बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत, तारिक रहमान का पीएम बनना तय

**ढाका।** बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी ने 299 सीटों में से 209



हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 286 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 70 सीटें मिली हैं। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने ढाका-15 सीट से जीत दर्ज की है। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनी है। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे और बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय माना जा रहा है।

## दिल दहला देने वाली वारदात, 10वीं के छात्र की चाकुओं से गोदकर हत्या

**कैथल।** हरियाणा के कैथल जिले से बेहद सनसनीखेज और दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां कुछ लड़कों के समूह ने कक्षा 10 के एक छात्र की चाकुओं और डंडों से हमला कर हत्या कर दी। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया है। पुलिस ने मामले में कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार यह घटना कैथल जिले के रामथली गांव में हुई, जहां 17 वर्षीय छात्र नवरेज सिंह पर बुधवार को हमला किया गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि दो छात्र समूहों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को सुलझाने के बहाने नवरेज सिंह और कुछ अन्य छात्रों को नहर के पास बुलाया गया था।

## इमरान की एक आंख की 85% रोशनी खत्म, कोर्ट के ऑर्डर पर हुई जांच

**ढाका।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की एक आंख की करीब 85% रोशनी चली गई है। यह



खुलासा पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से नियुक्त वकील सलमान सफदर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इमरान खान जेल प्रशासन से कई महीनों आंखों में धुंधलापन होने की शिकायत कर रहे थे। अक्टूबर 2025 तक उनकी नजर सामान्य थी, लेकिन बाद में दाईं आंख की रोशनी अचानक चली गई। जांच के दौरान पिम्स अस्पताल के एक आई एक्सपर्ट को बुलाया गया।

## एक देश-एक चुनाव से मतदाता अधिकार प्रभावित नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने गुरुवार को वन नेशन, वन इलेक्शन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव से मतदाता अधिकार प्रभावित नहीं होंगे और संघीय ढांचे पर भी कोई असर नहीं पड़ेगा। पूर्व सीजेआई ने यह बात वन नेशन, वन इलेक्शन पर हुई जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की एक मीटिंग कही। उन्होंने तर्क दिया कि संसद के पास चुनावों को एक साथ करने के लिए ऐसा संशोधन लागू करने की शक्ति है, जैसा कि संविधान द्वारा अनिवार्य है। एक देश एक चुनाव को लेकर जेपीसी अंतिम निष्कर्ष के करीब है। कई मीडिया रिपोर्ट्स ने दावा किया है कि वन नेशन, वन इलेक्शन पर जेपीसी की रिपोर्ट मार्च के अंत तक आ सकती है।

### बेंगलूरू में सड़कों पर दिखा तेज रफ्तार का कहर

## हाईवे पर एक साथ टकराई कई गाड़ियां, 7 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› बेंगलुरु

कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरू में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बेंगलूरू के होसकोटे के पास शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा एम सत्यवर गांव के पास होसकोटे-डाबास्पेटे नेशनल हाईवे पर हुआ।

जानकारी के अनुसार, होसकोटे से देवनहली की ओर जा रही एक एसयूवी ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। पुलिस का कहना है कि शुरूआती टक्कर के बाद स्वश का



चालक नियंत्रण खो बैठा और एक कैंटर वाहन से टकरा गया। इसके बाद एक और कार भी हादसे में फंस गई।

## कुबेरेश्वर में कथा कल से रुद्राक्ष नहीं बटेंगे

ब्रह्मास्त्र ›› सीहोर

सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 14 से 20 फरवरी तक होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव और शिव महापुराण कथा से पहले प्रशासन ने 12 फरवरी से ट्रैफिक प्लान लागू कर दिया है। पहले दिन भीड़ सीमित रही। आयोजन से दो दिन पहले ही करीब 20 हजार श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। विठ्ठलेश सेवा समिति ने स्पष्ट किया है कि 15 जनवरी से 15 मार्च तक रुद्राक्ष वितरण बंद रहेगा। महोत्सव (14 से 20 फरवरी) के दौरान भी वितरण नहीं होगा। निर्णय भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया है। सुरक्षा के लिए 1235 जवान तैनात किए गए हैं।

## किम जोंग ने 13 साल की बेटी को उत्तराधिकारी चुना



ब्रह्मास्त्र ›› सिओल

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया।

दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने कई परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है।

### एमएम नरवणे किताब लीक मामला

## पुलिस ने पेंगुइन इंडिया के अधिकारियों से पूछताछ की


ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की किताब के कथित लीक मामले में पेंगुइन इंडिया के अधिकारियों से लगातार दो दिन तक पूछताछ की है।

सूत्रों के मुताबिक, दोनों दिन कई घंटों तक पूछताछ चली, जिसमें जांचकर्ताओं ने मैन्युस्क्रिप्ट और उसकी डिजिटल फाइलों की हैंडलिंग और सकुर्लेशन के बारे में डिटेल में जानकारी मांगी। जांच आगे बढ़ने पर आने वाले दिनों में पब्लिशिंग हाउस के प्रतिनिधियों को फिर से बुलाया जा सकता है।



जांच अभी दो अलग-अलग लाइनों पर की जा रही है। जांच की पहली लाइन किताब के पीडीएफ वर्जन से जुड़ी है, जो कथित तौर पर इसकी ऑफिशियल रिलीज से पहले सामने आया था। जांच की दूसरी लाइन किताब की एक हार्ड कॉपी से जुड़ी है जिसे





विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में दिखाया था। यह भी दावा किया गया था कि किताब विदेशों में और ऑनलाइन उपलब्ध थी। स्पेशल सेल अपनी चल रही जांच के हिस्से के तौर पर उस हार्ड कॉपी के ओरिजिन और सकुर्लेशन की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री ऑफिस आज सेवा तीर्थ में शिफ्ट होगा, पीएम करेंगे उद्घाटन

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को नए प्रधानमंत्री ऑफिस सेवा तीर्थ में शिफ्ट होंगे। न्यूज एजेंसी के अनुसार, मोदी दोपहर में सेवा तीर्थ बिल्डिंग कॉम्पलेक्स के नाम का अनावरण करेंगे। फिर शाम करीब 6 बजे सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन करने के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।



कर्तव्य भवन-1 और 2 में केंद्र सरकार के मंत्रालयों के नए ऑफिस होंगे। वर्तमान में पीएमओ और मंत्रालयों के ऑफिस नई दिल्ली स्थित सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक में है। ये दोनों इमारतें करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही हैं।

शुक्रवार को यहां सरकार के कामकाज का आखिरी दिन होगा। सेवा तीर्थ में शिफ्ट होने से पहले पीएम मोदी साउथ ब्लॉक में केंद्रीय कैबिनेट की विशेष बैठक करेंगे। यह बैठक शुक्रवार शाम 4 बजे तय है। यह ब्रिटिश काल की सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग में आखिरी कैबिनेट बैठक होगी।

## पांच माह से गठन का राज्य बाल अधिकार आयोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रदेश में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के अधिकारों को सरंक्षित करने वाला राज्य बाल अधिकार आयोग पांच माह से गठन का इंतजार कर रहा। आयोग का गठन नहीं होने से कई प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं। शिकायतें लगातार बढ़ती जा रही हैं और बच्चों के हितों का हनन हो रहा है। कार्रवाई नहीं होने से संस्थाएं भी मनमानी कर रही हैं। हालांकि आयोग का गठन करने के लिए आवेदन जमा करा लिए गए हैं। अभी आवेदनों की स्क्रूटनी चल रही है।

उक्त प्रोफाइल में से छह सदस्य और एक अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। आयोग का गठन होली के बाद ही होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बता दें कि तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के



बाद सितंबर 2025 से आयोग में पद खाली हैं। नये अध्यक्ष और सदस्यों को नियुक्त करने के लिए शासन ने आवेदन जमा करा लिए हैं। अंतिम तिथि तक शासन को करीब 400 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें करीब 275 आवेदन सदस्य और करीब 165 आवेदन सिर्फ अध्यक्ष बनने के लिए दिए गए हैं। उम्मीदवारों ने अध्यक्ष बनने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई है। इसलिए कुछ उम्मीदवारों ने अध्यक्ष के साथ सदस्य बनने के लिए भी आवेदन जमा किए हैं। शासन स्तर पर आवेदनों की स्क्रूटनी कार्य कछुआ चाल की तरह धीरे-धीरे हो रहा है।

### सिर्फ अग्रेषित हो रही हैं शिकायतें

प्रदेश में पांच माह से राज्य बाल अधिकार आयोग अस्तित्व में नहीं है। राज्य के अलग-अलग जिलों से लगातार शिकायतें आयोग के कार्यालय में पहुंच रही हैं। आयोग नहीं होने के कारण कार्यालय से शिकायतें सिर्फ अग्रेषित होकर जमा होती जा रही हैं। जब आयोग का गठन हो जाएगा। इसके बाद ही उनका निराकरण किया जाएगा।

### चीन में सड़क धंसी

## 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बना, पाइपलाइन फटने से हादसा


ब्रह्मास्त्र ›› शंघाई

चीन के शंघाई में एक व्यस्त सड़क अचानक धंस गई और 10 से 20 मीटर चौड़ा गड्ढा बन गया। घटना मिनहांग डिस्ट्रिक्ट के किक्सिन रोड के पास हुई, जिसका वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। इससे पहले यहां पानी के रिसाव की सूचना दी गई थी। निर्माण एजेंसियों ने 11 फरवरी को सड़क के नीचे पानी के रिसाव की पहचान की थी। इसमें किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन आसपास की इमारतों में दरारें आ गई और इलाके में दहशत फैल गई। कुछ ही सेकंड में सड़क की सतह भीतर की ओर धंस गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत सड़क बंद कर दी। घटना स्थल के पास रेलवे लाइन का निर्माण का काम चल रहा था। चीन रेलवे टनल ब्यूरो ने आपात मरम्मत शुरू कर दी है। मशीनें गड्ढे के किनारों की जांच कर रही हैं और अंदर से लगातार पानी निकलता दिख रहा है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि मुख्य पाइपलाइन फटी है।



उज्जैन
शुक्रवार
13
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### देर रात मवेशी के बाड़े में लगा दी थी आग

**इंदौर।** इंदौर के निरजंनपुर में एक ग्वाले के बाड़े में रंजिश के चलते दो बदमाशों ने देर रात आग लगा दी थी। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीवी कैमरो की रिकॉर्डिंग चेक की। जिसमें दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। इस घटना में दो मवेशी जलकर कर घायल हो गए थे। टीआई तारेश सोनी के मुताबिक बुधवार रात करीब 2 बजे दीमान सिंह चंदेल के बाड़े में अचानक आग लग गई थी। आसपास के लोगों ने देखा तो दीमान को उठाया। इस दौरान उन्होने आग बुझाने का प्रयास किया। अदंर से दो मवेशियों को निकाला गया, लेकिन उस समय तक काफी झुलस गए थे। पुलिस ने इस दौरान आसपास के फुटेज चेक किए। जिसमें आकाश उर्फ घोड़ी पुत्र सोमे कोरी निवासी सोमनाथ की चाल और सिद्वार्थ उर्फ सिदू पुत्र सुरेश वानखेडे की पहचान हुई। आरोपियों ने रंजिश के चलते नशा करने के बाद यहां आग लगाई थी। पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर गुरुवार को पकड़ा। पुलिस को देखकर वह भागने लगे। इस दौरान गिर गए। पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। सिद्वार्थ पर करीब 5 अपराध पहले के दर्ज हैं। दोनों मवेशियों को पशु चिकित्सालय में उपचार कराया जा रहा है।

### रालामंडल फ्लायओवर पर काम जारी:दिनभर ट्रैफिक बंद-चालू होता रहा

**इंदौर।** जल्दबाजी में शुरू किए गए बायपास स्थित रालामंडल फ्लायओवर पर केसिंग खोलने के काम के चलते गुरुवार को दिनभर ट्रैफिक बंद-चालू होता रहा। इससे वाहन चालक परेशान होते रहे। दरअसल, सड़क पर कांक्रीट कार्य के चलते बुधवार रात तेजाजी नगर की ओर जाने वाली लेन को बंद किया गया था, जिसे दिन में फिर से शुरू कर दिया था। इसके बाद शाम तक ट्रैफिक बंद-चालू करने का दौर चलता रहा। उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार को एनएचएआई ने पिछले 3 साल से बन रहे फ्लायओवर की एक लेन ट्रैफिक के लिए खोल दी, लेकिन यहां बहुत सारा काम शेष है। कई जगह सरिये खुले पड़े हैं। एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि एक ही तरफ का ट्रैफिक बंद-चालू किया जा रहा है। दूसरी लेन का काम जब तक पूरा नहीं हो जाता, तब तक यहां हम ट्रैफिक शुरू नहीं करेंगे। इसमें एक हफ्ते से अधिक समय भी लग सकता है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि लोड टेस्टिंग के लिए भी एजेंसी का चयन कर लिया है। अगले हफ्ते में लोड टेस्टिंग भी पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक जब दोनों लेन का ब्रिज के ऊपर से शुरू होगा तब फ्लाईओवर के नीचे ड्रेन और अंडरपास वाली सड़क पर काम शुरू किया जाएगा।

### आईएएस संतोष वर्मा थाने में पेश होंगे, हस्ताक्षर के नमूने देंगे

**इंदौर।** विवादित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा को एमजी रोड थाने पर पेश होकर हस्ताक्षर के नमूने देने होंगे। गुरुवार को सत्र न्यायालय ने यह आदेश जारी किया। अपर लोक अभियोजक योगेश जायसवाल ने बताया कि एमजी रोड पुलिस पूरे केस की जांच कर रही है। उसे वर्मा के हस्ताक्षर के नमूने चाहिए थे, लेकिन वर्मा हस्ताक्षर के नमूने नहीं दे रहे थे। इस पर पुलिस ने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर वर्मा द्वारा जांच में सहयोग नहीं करने के चलते उनकी जमानत रद्द करने का अनुरोध किया था। वर्मा के वकील ने आरोप लगाया कि उनके पक्षकार को फंसाने के लिए यह किया जा रहा है। गिरफ्तारी के वक्त वर्मा के हस्ताक्षर लिए गए थे। इधर, शासन की ओर से कहा गया कि वे दस्तावेज फिलहाल हाई कोर्ट की जांच प्रक्रिया में हैं। उसमें समय लगेगा, इसलिए दोबारा हस्ताक्षर का नमूना मांगा गया था।

# इंदौर में लारेंस बिश्नोई गैंग की दस्तक

## अस्पताल संचालक से कॉल पर 5 करोड़ फिरौती की धमकी, पुलिस हाई अलर्ट पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर किशनगंज क्षेत्र के एक बड़े अस्पताल संचालक को पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की धमकी दी गई है। धमकी भरा फोन सीधे अस्पताल संचालक के बेटे को किया गया, जिसके बाद परिवार और अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

सूत्रों के मुताबिक, कॉल करने वाले ने खुद को लारेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया और साफ शब्दों में पांच करोड़ रुपये की मांग की। रकम न देने पर



गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई है।

धमकी मिलते ही पीड़ित परिवार ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं, तकनीकी टीम एक्टिव कर दी गई है और संदिग्ध नंबर की ट्रेसिंग की जा रही है।

इंदौर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। अस्पताल और परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कॉल वाकई किसी संगठित गैंग से जुड़ा है या फिर किसी ने गैंग के नाम का इस्तेमाल कर दहशत फैलाने की कोशिश की है।

बड़ा सवाल यह है कि आखिर शहर में इस तरह की हिम्मत किसने की? क्या यह किसी बड़े नेटवर्क की शुरूआत है या सिर्फ डर पैदा करने की साजिश? फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

लारेंस विश्नोई गैंग ने मध्य प्रदेश में भी अपनी रंगदारी वसूली के लिए धमकाने का काम शुरू कर दिया है। अशोक नगर के व्यापारी को 10 करोड़ की धमकी के मामले के बाद इंदौर में भी एक व्यवसाई को धमकी देने की सूत्र जानकारी दे रहे हैं।इससे पहले 2024 में इस गैंग के तीन आरोपी इंदौर पुलिस ने हथियारों के साथ दबोचे थे।


**बिना विशेषज्ञ की सलाह खुद का इलाज पड़ा भारी, मुंह के छालों के लिए सीधे खरीदे स्टेरॉयड**

# अब चेहरा सूजा पेट फूला, हाथ-पैर पतले व मांसपेशियां भी कमजोर हुईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मुंह के साधारण छालों और एलर्जी से राहत पाने के लिए बिना डॉक्टरी सलाह ली गई दवा 43 वर्षीय व्यक्ति के लिए गंभीर बीमारी का कारण बन गई। खजराना निवासी यह मरीज लंबे समय से अपनी मर्जी से समय-समय पर ओरल स्टेरॉयड ले रहा था।

इसका असर यह हुआ कि पिछले करीब 15 महीनों में उसका चेहरा सूज कर गोल हो गया, पेट पर गहरे बैंगनी निशान बन गए, हाथ-पैर पतले लेकिन पेट असामान्य रूप से बढ़ गया। उसकी मांसपेशियां इतनी कमजोर हो गई कि चलना भी मुश्किल हो गया। इसी दौरान उसे हाई ब्लडप्रेशर और डायबिटीज भी हो गई। मरीज पिछले छह महीने से अलग-अलग अस्पतालों में जांच कराता रहा। हर बार नई आशंका सामने आती, लेकिन ठोस कारण नहीं मिल पा



रहा था। बॉम्बे हॉस्पिटल के इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. अश्विन परचानी ने जब केस को विस्तार से देखा तो उन्हें लक्षण कुशिंग सिंड्रोम जैसे दिखे। पर यह मामला थोड़ा अलग था। सामान्यतः कुशिंग सिंड्रोम में शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ा होता है, लेकिन इस मरीज में यह स्तर बेहद कम पाया गया। सीटी स्कैन में सामने आया कि कॉर्टिसोल बनाने वाली दोनों एड्रिनल ग्रंथियां सिकुड़ चुकी थीं। इससे साफ हुआ कि शरीर ने अपना प्राकृतिक हार्मोन बनाना लगभग बंद कर दिया है। मरीज ने शुरू में ओरल स्टेरॉयड लेने की जानकारी नहीं दी। लेकिन बाद में जब डॉक्टरों ने उससे दवाओं का इतिहास पूछा, तब वजह सामने आई। विशेषज्ञों के अनुसार यह आयाट्रोजेनिक कुशिंग सिंड्रोम का मामला है–अर्थात बाहर से ली गई स्टेरॉयड दवाओं के कारण उत्पन्न बीमारी। लंबे समय तक स्टेरॉयड लेने से शरीर की हार्मोन बनाने वाली प्रणाली दब जाती है और प्राकृतिक कॉर्टिसोल हार्मोन का उत्पादन कम या बंद हो जाता है।

# इंदौर सत्य साईं स्कूल में एडमिशन के नाम पर ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमआईजी थाना पुलिस ने बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके दो बच्चों का सत्यसांई स्कूल में दाखिला कराने का झांसा देकर पैसे ठग लिए।

पुलिस के मुताबिक श्रीनाथ रेसिडेंसी निवासी अंशु पाटकर की शिकायत पर करूणा मंडलोई के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। अंशु ने बताया कि दोनों बच्चों के एडमिशन के लिए आरोपी ने करीब एक लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए, लेकिन न तो दाखिला कराया और न ही पैसे लौटाए।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो फिलहाल निजी स्कूल में पढ़ते हैं। वह दोनों का एडमिशन विजयनगर स्थित सत्यसांई स्कूल में कराना चाहती थी। मई 2023 में एक परिचित के जरिए उसकी मुलाकात करूणा से हुई, जिसने स्कूल में पहचान होने का दावा करते हुए डेढ़ लाख रुपए में एडमिशन कराने की बात कही और पहले एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। पहले साल आरोपी ने सीट न मिलने का बहाना बनाया और अगले साल एडमिशन कराने का आश्वासन दिया, लेकिन दूसरे साल भी दाखिला नहीं कराया और अतिरिक्त रकम की मांग करने लगी। जब अंशु ने पहले दिए पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगी। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की, जिस पर जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# 12 अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदी-बिक्री निर्माण पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अवैध कॉलोनियों में प्लॉट की खरीदी-बिक्री रोकने व निर्माण पर रोक लगाने के लिए नगर निगम ने सख्ती करना शुरू कर दी है। इसके तहत निगम की टीम ने गुरुवार को शहर की 12 अवैध कॉलोनियों में चेतावनी बोर्ड लगाए। इनमें साफ लिखा है कि यहां कॉलोनी विकास और भवन निर्माण की अनुमति जारी नहीं की गई है। ऐसे में किसी भी प्रकार का निर्माण, विकास कार्य या प्लॉट की खरीद-फरोख्त प्रतिबंधित है। यहां किसी भी प्रकार निर्माण करने पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, शहर में तेजी से कॉलानियां कट रही हैं और हर बार सख्ती की बात कही जाती है, लेकिन सख्ती नहीं हो पाती है। तेजी से अवैध



निर्माण हो रहे हैं। तुलसी नगर, विदुर नगर सहित कई ऐसी कॉलानियां हैं, जहां सभी प्लॉट वैध नहीं हुए हैं। बावजूद निर्माण हो रहे हैं।

इसी को देखते हुए निगम इनके बाहर बोर्ड चस्पा कर रहा है। चेतावनी बोर्ड में यह भी उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग) के तहत यह दंडनीय अपराध है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे बिना अनुमति किसी भी भूखंड का विकास या विक्रय न करें।

- **लगातार शिकायतों के बाद की गई सख्ती–** निगम अधिकारियों के मुताबिक कई स्थानों पर बिना वैध अनुमति के प्लॉटिंग कर लोगों को जमीन बेची जा रही थी। शिकायतें मिलने के बाद सर्वे कराया गया और 12 कॉलोनियों को अवैध मानते हुए वहां सार्वजनिक सूचना बोर्ड लगाए गए हैं, ताकि खरीदार गुमराह न हों।
- निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि प्लॉट खरीदने से पहले नगर निगम से वैधता की जानकारी जरूर जांच लें। पिछले दिनों दिशा की बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने यह प्रस्ताव रखा था कि कॉलोनियों के बाहर बोर्ड लगाए जाएं। इसके बाद एमआईसी की बैठक में भी यह निर्णय लिया गया।
- **इन क्षेत्रों में लगाए बोर्ड–** महापौर भार्गव ने बताया कि सिरपुर, बिलावली, गौरी नगर, वार्ड 18 के आसपास, रेवती रेंज के आसपास, कबीटखेड़ी के आसपास की कॉलोनियों पर बोर्ड लगाए गए हैं। इनमें से ज्यादातर सरकारी जमीन या ग्रीन बेल्ट की जमीन होती है।
- आम आदमी सस्ता प्लॉट लेने की खातिर यहां जीवन की पूरी पूंजी निवेश कर देता है और कोई प्रोजेक्ट आता है तो उन्हें हटाना पड़ता है। इसलिए यहां सबसे पहले खरीदी-बिक्री पर ही रोक लगाई जा रही है। यहां प्लॉट काटने वालों के खिलाफ भी कानूनी की कार्रवाई की जाएगी।

# तितलियों से खेलते, झरने के नीचे नहाती दिखीं मोनालिसा

**महाकुंभ गर्ल की फिल्म का ट्रेलर लॉन्च; यूके-नेपाल में हुई शूटिंग**

महाकुंभ में माला बेचने के दौरान वायरल हुई मोनालिसा की फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर का ट्रेलर लॉन्च हो गया। ट्रेलर सिविल लाइंस के एक होटल में लॉन्च किया गया। इस मौके पर फिल्म की हीरोइन मोनालिसा, हीरो अमित राव, अभिषेक त्रिपाठी, दिनेश त्रिवेदी और डायरेक्टर सनोज मिश्रा मौजूद रहे।






फिल्म में मोनालिसा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में लव स्टोरी और एक बेटी के संघर्षों को दिखाया गया है। मोनालिसा इसमें सेना के अफसर की बेटी का किरदार निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग साल-2025 में शुरू हुई थी। फिल्म केमेन लोकेशन में इटावा का राजा सुमेर सिंह किला और देहरादून के जंगल हैं। फिल्म अप्रैल के पहले हफ्ते में रिलीज होगी। 'द डायरी ऑफ मणिपुर' मोनालिसा की पहली फिल्म है। इसके ट्रेलर की शुरूआत भी मोनालिसा से ही होती है। उनकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर डांस और अदाएं सब कुछ देखने लायक हैं। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही।

ट्रेलर में शुरूआत में मणिपुर की अकेली लड़की मोनालिसा को दिखाया गया है। बैकग्राउंड में बताया जाता है- मोनालिसा को नहीं पता कि उसकी जिंदगी में अंजाना तूफान आने वाला है। अभी तक मोनालिसा अकेले थी। उसके दोस्त थे जानवर, पेड़-पौधे, तितलियां और उसका बनाया एक पुतला, जिससे वह खेलती रहती थी। झरने से पानी भरते और नहाते भी दिखीं। इसी बीच मणिपुर में दो समुदायों कूकी और मैतेई के बीच विवाद बढ़ गया। धर्म परिवर्तन के मुद्दे से मणिपुर में आग सुलगने लगी। चारों तरफ विरोध-प्रदर्शन के बीच राजनीति गरमाने लगी। जाति, धर्म और आरक्षण पूरी कहानी में ट्विस्ट लेकर आ गया। इसी जंग में मोनालिसा की लव स्टोरी शुरू होती है। फिर मणिपुर में इंसानियत की जंग में मोनालिसा भी कूद पड़ती है। इसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा दिख रहा है। फिल्म मणिपुर की ज्यादातर शूटिंग नेपाल, मणिपुर, यूके में हुई है। शूटिंग मई- 2025 में शुरू हुई थी। 4 शेड्यूल में पूरी फिल्म शूट की गई है। ढाई घंटे की फिल्म में कुल 5 गाने हैं। फिल्म में मोनालिसा का नाम अंगद है। इसका बजट 10 करोड़ है।

### माघ मेला में ट्रेलर लॉन्च करना चाहते थे डायरेक्टर

डायरेक्टर सनोज मिश्रा फिल्म का ट्रेलर माघ मेला में लॉन्च करना चाहते थे। लेकिन, प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी थी। प्रशासन ने कहा कि पुलिस विभाग की जो रिपोर्ट आई है, उस हिसाब से ज्यादा भीड़ और सुरक्षा को देखते हुए आपको परमिशन नहीं मिल पाएगी। 15 फरवरी के बाद भीड़ कम होगी, तब आपको परमिशन मिल जाएगी।

इस पर फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्र ने कहा कि कोई बात नहीं, मुझे परमिशन नहीं चाहिए। मैं सीएम साहब से बात करूंगा। क्या रिपोर्ट मेरे खिलाफ आई है? मैं क्या आतंकवादी हूं? मैं देश के लिए काम कर रहा हूं। सनातन धर्म के लिए काम कर रहा हूं। यह तो बहुत गलत बात है। एक बंजारन लड़की को ट्रेनिंग देकर फिल्म में लेकर आया हूं।



## रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी

**वॉट्सएप वॉइस नोट भेजकर करोड़ों रुपए की फिरौती मांगी मुंबई पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई**

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मंगलवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर भेजे गए एक वॉइस नोट के जरिए दी गई है, इसमें आरोपी ने करोड़ों रुपए की फिरौती की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, धमकी मिलने के तुरंत बाद मुंबई पुलिस ने रणवीर सिंह के बांद्रा स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

यह घटना फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग की घटना के बाद आया है, इससे मुंबई पुलिस मामले में ज्यादा सजग है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे वॉइस नोट में आरोपी ने खुद को गंभीर अपराध से जुड़ा बताया है और बड़ी रकम नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। पुलिस ने वॉइस नोट को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। मुंबई पुलिस की साइबर सेल और क्राइम ब्रांच मिलकर वॉट्सएप नंबर और वॉइस सैंपल के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि धमकी देने वाला व्यक्ति किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हो सकता है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या रणवीर सिंह को मिली धमकी का कोई सीधा संबंध रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना से है या यह डर फैलाने की साजिश है।



## पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की रिलीज डेट का ऐलान

**सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी और आमिर खान एक साथ आएंगे नजर**

आमिर खान प्रोडक्शंस ने अपनी अपकमिंग पीरियड ड्रामा लाहौर 1947 की थिएट्रिकल रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म इंडिपेंडेंस डे वीक के दौरान 13 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। लाहौर 1947 में पहली बार सनी देओल, निर्देशक राजकुमार संतोषी और प्रोड्यूसर आमिर खान एक साथ नजर आएंगे। आमिर खान ने कहा, यह धरमजी की सबसे पसंदीदा स्क्रिप्ट्स में से एक थी और मुझे बेहद खुशी होती अगर वह यह फिल्म देख पाते।

बता दें, लाहौर 1947 में सनी देओल, शबाना आजमी, प्रीति जिंटा और करण देओल अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। सनी देओल के बेटे करण देओल भी इस फिल्म में एक अहम किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने दिया है और गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं।

निर्देशक राजकुमार संतोषी और सनी देओल की जोड़ी पहले भी घायल, घातक और दामिनी जैसी यादगार फिल्में दे चुकी है। अब कई सालों के बाद यह जोड़ी फिर से साथ लौट रही है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं। 1947 के दौर को जीवंत करने वाली यह फिल्म देशभक्ति और वीरता की एक नई मिसाल पेश कर सकती है। आखिरी बार सनी देओल बॉर्डर 2 में नजर आए थे। वर्ल्डवाइड 440 करोड़ का कलेक्शन कर यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी फिल्म बन चुकी है। बॉर्डर के बाद रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब तक 37 करोड़ रुपए की कमाई कर चुकी है।

**सुशांत केस में नाम आने के बाद के मुश्किल दौर के बारे में बताया**

# कोई मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था : रिया चक्रवर्ती

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने हाल ही में बताया कि सुशांत सिंह राजपूत केस में नाम आने के बाद कोई भी उनके साथ काम करने को तैयार नहीं था। दरअसल, कई सालों तक मेनस्ट्रीम से दूर रहीं रिया अब डायरेक्टर हंसल मेहता की अपकमिंग वेब सीरीज फैमिली बिजनेस से एक्टिंग में वापसी करने जा रही हैं।

हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में रिया ने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा, एक्टिंग का वह सपना छोड़ना, जिसके लिए मैंने दस साल से ज्यादा मेहनत की थी, मेरे लिए बिल्कुल आसान नहीं था। इसके लिए मुझे कई बार थेरेपी लेनी पड़ी। मुझे उसके बारे में सोचना बंद करना पड़ा, क्योंकि वह सपना अब पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा था और मुझे एक्टिंग के मौके नहीं मिल रहे थे।

रिया ने यह भी बताया कि जब यह प्रोजेक्ट उन्हें ऑफर हुआ था, तो उन्होंने शुरूआत में मना कर दिया था। उन्होंने कहा, हंसल सर और राइटर ने मुझसे पूछा कि मुझे क्या रोक रहा है। मैंने उनसे कहा कि मैंने एक्टिंग छोड़ दी है। तब उन्होंने कहा कि यही वजह है कि मुझे यह करना चाहिए, क्योंकि इससे फर्क नहीं पड़ता कि मैं अच्छा करूं या नहीं।



एक्ट्रेस ने आगे कहा कि अब उन्हें खुशी है कि उन्होंने हां कहा था। सात सालों में जिंदगी बहुत बदल गई है, लेकिन सेट पर लौटना साइकिल चलाने जैसा लगा, जिसे इंसान कभी नहीं भूलता।

**कोई भी मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था:** रिया रिया ने बताया कि काम से ब्रेक उन्होंने अपनी मर्जी से नहीं लिया था। उन्होंने कहा, मुझे मजबूरी में रुकना पड़ा और यह दौर तकलीफ और दर्द से भरा था। जो कुछ हुआ, उसके तुरंत बाद शायद मैं इमोशनली, मेंटली या फिजिकली रूप से तैयार भी नहीं थी। वो साल, जब कोई भी मेरे साथ काम नहीं करना चाहता था, बेहद दर्दनाक थे। भगवान और यह दुनिया हम सबको मुश्किलों से लड़ने की ताकत देते हैं, बस हमें उसे पहचानना होता है। अगर मेरे दोस्त और परिवार मेरे साथ न होते, तो शायद मैं इस दौर से इस तरह बाहर नहीं आ पाती।



एक्टिंग में वापसी के अलावा रिया ने उनके बारे में भी इमोशनल होकर बात की, जिन्होंने उनके मुश्किल वक्त में उनका साथ दिया। उन्होंने कहा, मेरी गर्लफ्रेंड्स ने मुझे सच्ची दोस्ती का मतलब दिखाया है। बिना किसी वजह के प्यार मिलना और उनके साथ खड़े रहने के कारण उनके काम और करियर पर असर पड़ना, यह बहुत बड़ी बात है। रिया ने सिंगर और एक्ट्रेस शिबानी दांडेकर को अपनी बहन जैसी बताया। रिया ने यह भी बताया कि शिबानी ने पब्लिकली उन्हें सपोर्ट करने की वजह से कुछ ब्रांड एंडोर्समेंट खो दिए थे, जिसके बारे में उन्हें बाद में पता चला। एक्ट्रेस ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मेरी जिंदगी में ऐसी महिलाएं हैं, जो एक-दूसरे को आगे बढ़ाती हैं। एक तरफ मैंने इंसानियत का सबसे बुरा रूप देखा, तो दूसरी तरफ उसका सबसे खूबसूरत रूप भी महसूस किया।



### 47वीं बार 200+ स्कोर बनाया, हार्दिक ने 109 मीटर लंबा सिक्स लगाया

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने नामीबिया को 93 रन से हराकर टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टीम ने इस फॉर्मेट में 47वीं बार 200+ स्कोर का आंकड़ा पार किया। वहीं हार्दिक पंड्या ने 109 मीटर लंबा सिक्स लगाया। गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट पर 209 रन बनाए। ईशान किशन ने 20 बॉल पर फिफ्टी लगाई। 210 रन का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई।

**लगातार 10वीं जीत का रिकॉर्ड-** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार 10वीं जीत दर्ज कर टूर्नामेंट इतिहास का नया रिकॉर्ड बना दिया। यह जीतों का सिलसिला 2024 सीजन से शुरू हुआ था। दूसरे स्थान पर साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया हैं, जिनके नाम आठ-आठ लगातार जीत दर्ज हैं।

**टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की सबसे बड़ी जीत-** भारत ने 93 रन से जीत दर्ज कर टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की। इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 2012 में कोलंबो में इंग्लैंड के खिलाफ 90 रन से थी।

**भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया-** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम ने 20 ओवर में 209/9 रन बनाए। इस सूची में भारत का ही 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया गया 218/4 का स्कोर टॉप पर है।

**भारत ने 47वीं बार 200+ स्कोर बनाया-** भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में 47वीं बार 200 से ज्यादा रन बनाए। यह किसी भी टीम द्वारा सबसे ज्यादा है। साउथ अफ्रीका (29) और न्यूजीलैंड (28) इस सूची में पीछे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने 25-25 बार यह आंकड़ा पार किया है। खास बात यह है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद से भारत 14 बार 200+ स्कोर बना चुका है, जबकि इस दौरान किसी अन्य टीम ने सात से ज्यादा बार यह उपलब्धि हासिल नहीं की।

**ईशान की 20 गेंदों में फिफ्टी-** ईशान किशन ने 20 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए संयुक्त रूप से पांचवीं सबसे तेज फिफ्टी रही। इस सूची में टॉप पर युवराज सिंह की 12 गेंदों वाली ऐतिहासिक पारी है। ईशान ने पावरप्ले के भीतर फिफ्टी पूरी कर टी-20 वर्ल्ड कप में ऐसा करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में जगह बना ली। उनसे पहले रोहित शर्मा और केएल राहुल यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

**संजू वर्ल्ड कप खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय-** संजू सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप में डेब्यू करने वाले भारत के दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी उम्र डेब्यू के समय 31 साल 93 दिन रही। उनसे आगे सिर्फ अमित मिश्रा हैं, जिन्होंने 2014 में 31 साल 117 दिन की उम्र में टी-20 वर्ल्ड कप डेब्यू किया था।

**इरास्मस ने लिए 4 विकेट-** नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने दिल्ली में भारत के खिलाफ 4 विकेट झटके। इसके साथ ही वे टी-20 वर्ल्ड कप में कप्तान के रूप में चार विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए। उनसे पहले राशिद खान, डेनियल विटोरी और जीशान मकसूद यह कारनामा कर चुके हैं। साथ ही इरास्मस भारत के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में चार विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने। उनसे पहले मिचेल सैंटनर (4/11) ऐसा कर चुके हैं।

- **फ्री हिट पर बुमराह ने किया क्लीन बोल्ड-** 7वें ओवर की तीसरी गेंद पर जसप्रीत बुमराह ने लॉरेन स्टीनकैंप को बोल्ड किया, लेकिन इससे पहले वाली गेंद नो-बॉल थी। फ्री हिट होने की वजह से बल्लेबाज को आउट नहीं दिया गया।
- **वरुण चक्रवर्ती ने पहली गेंद पर लिया विकेट-** 8वें ओवर में गेंदबाजी पर आए वरुण चक्रवर्ती ने पहली ही गेंद पर लॉरेन स्टीनकैंप को क्लीन बोल्ड कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। उनकी फ्लाइटेड बॉल गुगली मिडिल स्टंप पर पिच होकर अंदर की ओर टर्न हुई। बल्लेबाज ड्राइव के प्रयास में चूक गए और गेंद मिडिल-लेग स्टंप से जा टकराई।
- **हार्दिक और इरास्मस की टक्कर-** 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर शिवम दुबे ने शॉट खेला। गेंद रोकने की कोशिश में कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की हार्दिक पंड्या से टक्कर हो गई। हालांकि तुरंत बाद दोनों खिलाड़ियों ने हाथ मिलाकर खेल भावना दिखाई।
- **दुबे का 107 मीटर लंबा सिक्स-** 14वें ओवर की पहली गेंद पर शिवम दुबे ने 107 मीटर लंबा छक्का जड़ा। बर्नार्ड स्कोल्टज की स्टंप लाइन गेंद को उन्होंने मिडविकेट के ऊपर टॉप टियर में पहुंचा दिया। बॉल ट्रैकर ने दूरी 107 मीटर दर्ज की।
- **हार्दिक का 109 मीटर मॉन्स्टर सिक्स-** 14वें ओवर की तीसरी गेंद पर हार्दिक पंड्या ने 109 मीटर लंबा छक्का जड़ दिया। ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ गेंद को उन्होंने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर स्टैंड्स में भेजा।
- **बुमराह का डाइविंग कैच-** 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल ने मलान क्रूगर को आउट कराया। क्रूगर का स्वीप शॉट ठीक से कनेक्ट नहीं हुआ और गेंद शॉर्ट फाइन लेग की ओर हवा में चली गई। वहां जसप्रीत बुमराह ने पीछे भागते हुए बाईं ओर शानदार डाइव लगाई और बेहतरीन कैच लपक लिया।

# पंजाबी सॉन्ग की फैन हुई रसियन फिगर स्केटर



### ना दे दिल परदेसी नूं सॉन्ग पर बर्फ में स्केटिंग प्रैक्टिस की, बोलीं- इससे एनर्जी मिलती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जालंधर

रूसी फिगर स्केटर और ओलिंपियन अनास्तासिया गुबानोवा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मशहूर पंजाबी गायक मोहम्मद सदीक के गीत ना दे दिल परदेसी नूं पर बर्फ पर स्केटिंग की प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं।

गुबानोवा का कहना है कि पंजाबी गीतों की जोशीली बीट उन्हें प्रैक्टिस के दौरान खास ऊर्जा देती है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संस्कृति की भी प्रशंसक हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाल ड्रेस और माथे पर बिंदी लगाए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। गुबानोवा ने 6 फरवरी को शुरू हुए विंटर ओलिंपिक में हिस्सा लिया था। वह ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

करीब 32 सेकेंड का यह वीडियो 8 फरवरी का है। इस वीडियो में गुबानोवा बर्फ पर शानदार मूव्स और जंप्स करती नजर आती हैं। स्केटिंग जैसे यूरोपीय खेल के साथ पंजाबी लोक संगीत का यह मेल दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। गाने की हर बीट पर उनके स्टेप्स की मैचिंग उनकी महारत को दशार्ता है। विदेशी स्केटर होने के बावजूद अनास्तासिया ने भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाया। लाल ड्रेस और माथे पर सजी बिंदी ने उनके लुक को खास बना दिया। उनके हाव-भाव और प्रस्तुति में भी भारतीय अंदाज की झलक साफ दिखाई दी, जिसने भारतीय दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया।

# अमेरिका का तीसरा मैच आज नीदरलैंड से



### यूएसए के लिए करो या मरो का मुकाबला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

टी-20 वर्ल्ड कप का 21वां मैच आज अमेरिका और नीदरलैंड के बीच खेला जाएगा। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 7 बजे से शुरू होगा। टॉस शाम 6.30 बजे किया जाएगा। दोनों टीमें ग्रुप-ए में हैं।

नीदरलैंड ने पहले मैच में पाकिस्तान से मामूली अंतर से हारने के बाद नामीबिया को हराकर शानदार वापसी की थी। टीम पॉइंट्स टेबल में 2 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं अमेरिका को भारत और पाकिस्तान से हार मिली। टीम चौथे नंबर पर है।

नीदरलैंड को अब तक नहीं हरा सका अमेरिका अमेरिका और नीदरलैंड के बीच अब तक 3 टी-20 खेले गए। सभी में नीदरलैंड को ही जीत मिली। दोनों टीमें वर्ल्ड कप में पहली बार एक दूसरे के सामने होंगी। अमेरिका ने अगर आज का मुकाबला गंवाया तो टीम सुपर-8 स्टेज से बाहर हो जाएगी। वहीं नीदरलैंड हारी तो उनका भी दूसरे राउंड में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा।

### टी20 विश्व कप में भारत को बड़ा झटका

# अभिषेक शर्मा बीमार होकर टीम से बाहर पाकिस्तान मैच पर भी संकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुलावायो

आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के युवा और विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा भारत और नामीबिया के बीच खेले जा रहे मुकाबले से बाहर हो गए हैं। पेट में संक्रमण के कारण उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। टीम प्रबंधन और बीसीसीआई मेडिकल टीम लगातार उनकी हालत पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ऐसे में सबसे ज्यादा चिंता आगामी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर बढ़ गई है।

अभिषेक शर्मा टूर्नामेंट की शुरूआत से ही अस्वस्थ चल रहे थे। जानकारी के मुताबिक उन्हें तेज बुखार और पेट संबंधी संक्रमण की समस्या हो गई थी। इसके बावजूद उन्होंने शुरूआती मैच में खेलने की कोशिश की, लेकिन उनकी हालत पूरी तरह से ठीक नहीं थी। टीम बॉन्डिंग कार्यक्रम के दौरान भी वह अधिक देर तक मौजूद नहीं रह पाए और उन्हें आराम के लिए वापस जाना पड़ा। इसके बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। हालांकि हाल ही में उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है।

भारत और नामीबिया मुकाबले से पहले कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के दौरान अभिषेक शर्मा की स्थिति को लेकर बड़ा अपडेट दिया। उन्होंने कहा कि अभिषेक अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और संभवतः एक या दो मैच से बाहर रह सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टीम ने उनकी जगह संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया है। सूर्यकुमार यादव ने भरोसा जताया कि संजू सैमसन भी टीम को तेज शुरूआत देने में सक्षम खिलाड़ी हैं और टीम को उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतनः-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

जॉमेटो के संस्थापक

## दीपिंदर गोयल को मिले 8 हजार भावनात्मक ईमेल



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

जोमैटो के संस्थापक दीपिंदर गोयल इन दिनों सोशल मीडिया और कॉर्पोरेट जगत में चर्चा के केंद्र में आ गए हैं। पूर्व कर्मचारियों को कंपनी में दोबारा जुड़ने का खुला निमंत्रण देने के बाद उन्हें महज कुछ दिनों के भीतर लगभग 8 हजार ईमेल प्राप्त हुए हैं। इन ईमेल्स को लेकर खुद गोयल ने भावुक प्रतिक्रिया दी और बताया कि ज्यादातर संदेश भावनाओं और पुराने अनुभवों से भरे हुए हैं, जिसने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया है।

दीपिंदर गोयल ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्हें मिले कुल ईमेल में करीब 4 हजार ईमेल ऐसे लोगों के हैं जो पहले जोमैटो की पैरेंट कंपनी ह्यइटरनलह्ल का हिस्सा रह चुके हैं। वहीं बाकी 4 हजार ईमेल ऐसे लोगों के हैं जिन्होंने कभी कंपनी में काम नहीं किया लेकिन अब कंपनी से जुड़ने की इच्छा जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी प्रतिक्रिया की उन्हें उम्मीद नहीं थी और यह कंपनी के प्रति लोगों के भावनात्मक जुड़ाव को दशार्ता है। गोयल ने बताया कि कई ईमेल ऐसे हैं जिनमें पूर्व कर्मचारियों ने अपने अनुभव, संघर्ष और कंपनी के साथ बिताए गए समय की कहानियां साझा की हैं। उन्होंने कहा कि इन संदेशों में कई वर्षों का इतिहास और संदर्भ छिपा हुआ है, जिसे समझना आसान नहीं है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वर्तमान टीम के कई सदस्य उन पुराने कर्मचारियों और उनकी परिस्थितियों से परिचित नहीं हैं जिन्होंने वर्षों पहले कंपनी छोड़ी थी। दीपिंदर गोयल ने यह भी कहा कि कंपनी अब अपने विकास के महत्वपूर्ण दौर में है और इतने बड़े स्तर पर आए संदेशों को पढ़ना और उनका जवाब देना किसी एक व्यक्ति के लिए आसान नहीं है।

सरकार का ऐलान यात्रियों को मिलेगा सीधा फायदा

# 15 फरवरी से टोल दरों में बड़ी राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




देशभर में एक्सप्रेस वे से यात्रा करने वाले लोगों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ी राहत का ऐलान किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में संशोधन करते हुए आंशिक रूप से चालू एक्सप्रेस वे पर टोल दरों को कम करने का फैसला लिया है। सरकार का यह नया नियम 15 फरवरी से लागू होगा, जिससे लाखों यात्रियों और परिवहन क्षेत्र को सीधा फायदा मिलने की उम्मीद है।

मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे अगर पूरी लंबाई में शुरू नहीं हुआ है और केवल कुछ हिस्सों में ही यातायात चालू है, तो अब यात्रियों से अधिक टोल नहीं लिया जाएगा। संशोधित नियमों के तहत ऐसे मामलों में पूरी तरह से तैयार हिस्से पर राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुसार कम दरों पर टोल शुल्क वसूला जाएगा। इससे पहले एक्सप्रेसवे पर सामान्य राष्ट्रीय राजमार्ग की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक टोल शुल्क लिया जाता था, चाहे एक्सप्रेसवे पूरी तरह चालू हुआ हो या नहीं।

सरकार के अनुसार एक्सप्रेसवे आम राष्ट्रीय राजमार्गों की तुलना में बेहतर और नियंत्रित यातायात व्यवस्था प्रदान करते हैं, जिससे तेज और सुरक्षित यात्रा संभव होती है। इसी वजह से इन मार्गों पर अधिक टोल शुल्क लागू किया गया था। लेकिन जब एक्सप्रेसवे पूरी लंबाई में चालू नहीं होते थे, तब भी यात्रियों को अधिक शुल्क देना पड़ता था, जिससे लोगों में असंतोष देखा जा रहा था। अब सरकार ने इस समस्या को दूर करने के लिए नियमों में बदलाव किया है।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि नए नियम के तहत केवल उतने हिस्से का टोल लिया जाएगा जो पूरी तरह तैयार और चालू है और उस पर भी राष्ट्रीय राजमार्ग के बराबर ही शुल्क लिया जाएगा। इस फैसले का उद्देश्य यात्रियों को राहत देना और एक्सप्रेसवे के आंशिक रूप से खुले हिस्सों पर यातायात को बढ़ावा देना है। सरकार का मानना है कि इससे पुराने और भीड़भाड़ वाले राष्ट्रीय राजमार्गों पर दबाव कम होगा और यातायात का संतुलन बेहतर तरीके से बनाया जा सकेगा।

विशेषज्ञों का कहना है कि देश में तेजी से विकसित हो रहे एक्सप्रेसवे नेटवर्क के चलते कई परियोजनाएं चरणबद्ध तरीके से चालू की जाती हैं। ऐसे में कई बार एक्सप्रेसवे का एक बड़ा हिस्सा तैयार हो जाता है जबकि बाकी निर्माण कार्य जारी रहता है। पहले यात्रियों को अधूरे एक्सप्रेसवे पर भी अधिक टोल देना पड़ता था, जिससे लोग कई बार पुराने मार्गों को ही चुनते थे। नए नियम के बाद लोगों को एक्सप्रेसवे का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

सरकार का यह कदम लॉजिस्टिक्स सेक्टर के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परिवहन उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि कम टोल दरों से माल ढुलाई की लागत कम होगी, जिससे व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला को गति मिलेगी। एक्सप्रेसवे पर ट्रकों और मालवाहक वाहनों की आवाजाही बढ़ने से समय की बचत होगी और ईंधन की खपत भी कम होगी। इससे प्रदूषण में कमी आने की भी संभावना जताई जा रही है।

- सड़क परिवहन मंत्रालय ने यह भी बताया कि यह संशोधित नियम सीमित अवधि के लिए लागू रहेगा। यह नियम लागू होने की तारीख से अधिकतम एक वर्ष तक या फिर एक्सप्रेस वे पूरी तरह चालू होने तक प्रभावी रहेगा। यानी जैसे ही संबंधित एक्सप्रेसवे पूरी लंबाई में शुरू हो जाएगा, वहां फिर से एक्सप्रेसवे के अनुसार टोल दरें लागू हो जाएंगी।
- विशेषज्ञों के अनुसार यह फैसला देश में बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने के साथ-साथ यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सरकार लगातार एक्सप्रेस वे परियोजनाओं का विस्तार कर रही है, जिससे बड़े शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों के बीच तेज और आधुनिक सड़क संपर्क स्थापित किया जा सके। ऐसे में टोल दरों को संतुलित रखना यात्रियों और उद्योग दोनों के लिए जरूरी माना जा रहा है।
- यातायात विशेषज्ञों का कहना है कि इस फैसले से आम यात्रियों के साथ-साथ लंबी दूरी तय करने वाले निजी वाहन चालकों को भी राहत मिलेगी। कई बार अधूरे एक्सप्रेस वे पर अधिक टोल होने की वजह से लोग इन मार्गों का उपयोग नहीं करते थे, जिससे नए बने मार्गों की उपयोगिता कम हो जाती थी। अब कम टोल दरों से इन मार्गों पर वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

- सरकार का मानना है कि एक्सप्रेसवे का अधिक उपयोग होने से पुराने राष्ट्रीय राजमार्गों पर जाम की समस्या कम होगी। इससे न केवल यात्रियों का समय बचेगा बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आ सकती है। इसके अलावा तेज गति और नियंत्रित यातायात व्यवस्था के कारण परिवहन क्षेत्र की दक्षता भी बढ़ेगी।
- सड़क परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि देश में आधुनिक सड़क नेटवर्क विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में लगातार नई परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। मंत्रालय का मानना है कि टोल शुल्क से जुड़े नियमों में यह बदलाव विकास और जनहित दोनों के बीच संतुलन स्थापित करेगा।
- इस फैसले को लेकर यात्रियों और परिवहन संगठनों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। कई विशेषज्ञों ने इसे यात्रियों के हित में लिया गया व्यावहारिक निर्णय बताया है। उनका कहना है कि इससे सड़क परियोजनाओं का उपयोग बढ़ेगा और परिवहन व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सकेगी।
- सरकार ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में जरूरत के अनुसार टोल नीति में और सुधार किए जा सकते हैं ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था मिल सके। फिलहाल 15 फरवरी से लागू होने वाला यह नया नियम देशभर में एक्सप्रेसवे उपयोगकताओं के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है और इससे सड़क परिवहन क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद जताई जा रही है।

पीएम मोदी से मिले रोल्स-रॉयस के सीईओ, कारोबार को देंगे विस्तार

# ओमान ने खोले निवेश के दरवाजे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रोल्स-रॉयस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) तुफान एरगिनबिलगिक ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारत में कंपनी की भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रोल्स-रॉयस 'विकसित भारत' मिशन का हिस्सा बनने के लिए देश में अपनी कारोबारी गतिविधियों का विस्तार करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात के बाद कहा कि तुफान एरगिनबिलगिक से बातचीत सकारात्मक रही। उन्होंने भारत में कंपनी की बढ़ती दिलचस्पी और देश के नवाचारी व ऊजार्वान युवाओं के साथ साझेदारी की इच्छा का स्वागत किया। कंपनी के अनुसार, बैठक में भारत में अपने वैश्विक क्षमता केंद्र का विस्तार कर उसे दुनिया में सबसे बड़ा बनाने की योजना पर चर्चा हुई। साथ ही जटिल विनिर्माण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

ओमान ने खोले निवेश के दरवाजे, भारतीय कंपनियों को किया आमंत्रित



ओमान ने भारतीय कंपनियों को अपने यहां निवेश और औद्योगिक विस्तार के लिए आमंत्रित किया है। ओमान दूतावास के काउंसलर याह्या अल दुगैशी ने कहा कि ओमान आज भारतीय उद्योग के लिए वैश्विक बाजार से जुड़ने का एक रणनीतिक प्रवेश द्वार बन चुका है। दूतावास की ओर से जारी बयान में कहा, दिल्ली में ओमान के एल्युमिनियम क्षेत्र में निवेश के अवसरों को लेकर एक उच्चस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारत के प्रमुख उद्योगपतियों, निवेशकों और व्यापार संगठनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन ओमान एल्युमिनियम रोलिंग कंपनी और ओमान दूतावास के सहयोग से किया गया। ओमान दूतावास की उप मिशन प्रमुख ताहरा अल जदजाली ने कहा कि भारत और ओमान में आर्थिक साझेदारी मजबूत हो रही है। उन्होंने ओमान की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, विश्वस्तरीय बंदरगाह और उद्योग समर्थक नीतियों का उल्लेख किया। ओमान विजन 2040 के तहत देश औद्योगिक विविधीकरण और मूल्य संवर्धित विनिर्माण को बढ़ावा दे रहा है।

**टोटलएनर्जीज ने बेची अदाणी ग्रीन में हिस्सेदारी-** फ्रांसीसी ऊर्जा कंपनी टोटलएनर्जीज ने दिसंबर तिमाही में अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. (एजीईएल) में अपनी 1.7 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में कहा, उसने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के दौरान संपत्तियों की बिक्री से 2.08 अरब डॉलर जुटाए। हालांकि, कंपनी ने अपने बयान में अदाणी ग्रीन एनर्जी में हिस्सेदारी बेचने से जुड़े कारणों का उल्लेख नहीं किया।

**मॉर्गन स्टेनली व गोल्डमैन ने एथर एनर्जी में खरीदा हिस्सा-** मॉर्गन स्टेनली, गोल्डमैन सैश, सोसाइटी जेनरल और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी समेत कई कंपनियों ने बुधवार को मिलकर एथर एनर्जी में 1.92 फीसदी हिस्सेदारी 521 करोड़ रुपये में खरीदी। यह खरीदारी नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड से ओपन मार्केट ट्रांजेक्शन के जरिये हुई है। इन कंपनियों ने एनएसई और बीएसई पर इलेक्ट्रिक दोपहिया निमार्ता एथर एनर्जी के कुल 73,33,219 शेयर खरीदे।

अकासा एयर को बड़ा झटका

## को-फाउंडर प्रवीण अय्यर का इस्तीफा आनंद श्रीनिवासन संभालेंगे ये कमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अकासा एयर के को-फाउंडर प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दिया। अब आनंद श्रीनिवासन उनकी जगह नए कमर्शियल हेड की भूमिका में होंगे। जानिये एयरलाइन की विस्तार योजनाओं पर इसका क्या असर पड़ सकता है।

देश के एविएशन सेक्टर में एक बड़े बदलाव की खबर है। अकासा एयर के शीर्ष प्रबंधन में एक बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी के को-फाउंडर (सह-संस्थापक) और चीफ कमर्शियल ऑफिसर प्रवीण अय्यर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

तीन साल पुरानी इस एयरलाइन के लिए यह दूसरा बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले भी एक अन्य को-फाउंडर कंपनी छोड़ चुके हैं। अय्यर ऐसे समय पर कंपनी छोड़ गए हैं, जब एयरलाइन विमानों की डिलीवरी में देरी के बाद अपनी विस्तार योजनाओं को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश में है।

**इस्तीफे के बाद नया नेतृत्व-** रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रवीण अय्यर अकासा एयर की फाउंडिंग टीम का अहम हिस्सा थे और एयरलाइन की एग्जीक्यूटिव कमिटी में भी शामिल थे। उनके इस्तीफे के बाद, कंपनी ने तत्काल प्रभाव से अपने मौजूदा चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर, आनंद श्रीनिवासन को नया कमर्शियल हेड नियुक्त किया है। हालांकि, इस खबर पर अभी तक एयरलाइन की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं आई है।

**टॉप मैनेजमेंट में लगातार दूसरा बड़ा एग्जिट-** प्रवीण अय्यर का इस्तीफा अकासा एयर के टॉप मैनेजमेंट से दूसरा हाई-प्रोफाइल एग्जिट है।

**पिछला एग्जिट:** पिछले साल एयरलाइन की एक और को-फाउंडर, नीलू खत्री, जो अंतरराष्ट्रीय परिचालन की प्रमुख थीं, ने भी कंपनी छोड़ दी थी।

**स्थापना:** अकासा एयर ने अगस्त 2022 में अपनी उड़ानें शुरू की थीं और इसे अभी लगभग तीन साल ही हुए हैं। इतनी कम अवधि में को-फाउंडर स्तर के दो अधिकारियों का जाना कॉर्पोरेट गवर्नेंस और स्थिरता के लिहाज से अहम खबर है। अय्यर का इस्तीफा एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है।

■ वर्ष-12 अंक-102 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 13 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः कथ्यते बुधैः॥

**भावार्थ** : 'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं।

सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः।
येनाक्रमत् मनुष्यो ह्यात्मकामो यत्र तत् सत्यस्य परं निधानं॥

**भावार्थ** : जय सत्य का होता है, असत्य का नहीं। दैवी मार्ग सत्य से फैला हुआ है। जिस मार्ग पे जाने से मनुष्य आत्मकाम बनता है, वही सत्य का परम् धाम है।


## सम्पादकीयम्

### लोकसभा गतिरोधः किमर्थं न भङ्गः?

लोकसभायां विपक्षस्य सर्वकारस्य च गतिरोधः बजटसत्रे समाप्तेः कोऽपि संकेतः न दृश्यते। लोकसभायां कोलाहलेन सदनस्य १९ घण्टाः १३ निमेषाः च पूर्वमेव समयः अपव्ययः अभवत्। एतेन सदनस्य विश्वासस्य अभावः स्पष्टतया ज्ञायते। लोकसभासभापतिः ओम बिर्ला गतसप्ताहे शुक्रवासरे सदनस्य सुचारुकार्यं सुनिश्चित्य सांसदेभ्यः आह्वानं कुर्वन् बजटसत्रस्य अद्यावधि १९.१३ घण्टाः अपव्ययिताः इति अवदत्। तस्य आह्वानस्य किञ्चित्कालानन्तरं कोलाहलः आरब्धः, येन स्थगनं करणीयम्। ततः सोमवासरपर्यन्तं अस्मिन् आकृतौ कतिपयानि घण्टानि अपि योजिताः सन्ति। उभयसदनेषु गतिरोधः वर्तते, अधुना मेलनं अपेक्षया विग्रहस्य बहानानि अन्वेष्टुं अधिकाः प्रयत्नाः क्रियन्ते इति भाति। स्मिन् बजटसत्रे अद्यावधि कोऽपि चर्चा सम्यक सम्पन्नः नास्ति। विपक्षस्य आरोपः अस्ति यत् राहुलगान्धीं लोकसभायां वक्तुं अवसरः न दीयते। सोमवासरे यदा विपक्षस्य नेता सभापतिः च मिलित्वा समाधानं प्राप्नुयात् इति भासितम्। परन्तु पश्चात् राहुलगान्धी बजटस्य विषये वक्तुं शक्नोति न तु अन्यस्मिन् विषये वक्तुं शक्नोति इति समस्या उत्पन्ना। विपक्षस्य शिकायत सदनस्य कायार्नुष्ठानार्थं नियमाः नियमाः च यथा महत्त्वपूर्णाः सन्ति तथा परम्पराः अपि महत्त्वपूर्णाः सन्ति। तथा च सवेषां वक्तुं अवसरः भवेत् इति लोकतन्त्रस्य परम्परा अभवत्। परन्तु अध्यक्षः तेषां समानं व्यवहारं न करोति इति विरोधे एकः भावः वर्धमानः अस्ति।

रील्स्, लघु-वीडियो, लाइक-शें-प्रणाली च

# बालकान् दीर्घकालं यावत् स्वस्य पटलेषु चिपचिपं कुर्वन्ति




ब्रह्मास्त्र ▸▸ लखनऊ

रील्स्, लघु-वीडियो, लाइक-शें-प्रणाली च बालकान् दीर्घकालं यावत् स्वस्य पटलेषु चिपचिपं कुर्वन्ति। कम्पनीनां लाभः उपयोक्तृसमये निर्भरं भवति। बालकः यथा यथा अधिकं समयं पदार्यां व्ययति तत् अधिकं दत्तांशं, अधिकं विज्ञापनं, अधिकं राजस्वं च प्राप्नोति। परन्तु अस्मिन् दौडस्य बालानाम् मानसिकस्वास्थ्यस्य व्ययस्य विषये कोऽपि न विचारयति। भारते अङ्कीयमञ्चेषु बालसुरक्षायाः नियमाः सन्ति चेदपि ते अपूर्णाः वा कठोररूपेण न प्रवर्तन्ते वा।

मानसिकस्वास्थ्यविशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् डिजिटलव्यसनेन बालकानां एकान्तता, चिड़चिडापनं, निद्रायाः अभावः, अवसादः च वर्धते। अनेकाः अध्ययनाः ज्ञातवन्तः यत् अत्यधिकं स्क्रीनसमयः बालकानां आक्रामकतां सामाजिकपृथक्त्वं च योगदानं करोति। बालकाः स्वपरिवारेभ्यः विच्छिन्नाः भवन्ति, अन्तर्जालद्वारा सम्मुखीभूतानां अपरिचितानाम् अथवा पात्राणां प्रति अधिकं आसक्ताः भवन्ति। एषा स्थितिः तान् सुलभ-हेरफेर-कृते जोखिमे स्थापयति। ब्लू व्हेल, मोमो चैलेन्ज, अन्ये कायार्धारितप्रवृत्तयः च एतस्य मानसिकस्य दुर्बलतायाः शोषणं कुर्वन्ति। विश्वस्य अनेके देशाः एतत तर्जनं गम्भीरतापूर्वकं गृहीतवन्तः।

चीनदेशेन बालकानां कृते ऑनलाइन-क्रीडायाः कठोरसमयसीमाः निर्धारिताः सन्ति। १८ वषार्णाम् अधः बालकाः निश्चितघण्टाभ्यः अधिकं यावत् क्रीडां कर्तुं न शक्नुवन्ति। दक्षिणकोरियादेशेन बालकानां रात्रौ क्रीडां कर्तुं निषेधः इति नियमाः अपि कार्यान्विताः सन्ति। अनेकेषु यूरोपीयदेशेषु बालानाम् आँकडानां मनोवैज्ञानिकसुरक्षायाः च विषये सामाजिकमाध्यमकम्पनयः उत्तरदायी भवन्ति। आयुःसत्यापनं, सामग्रीछिद्रकं, मातापितृनियन्त्रणं च अनिवार्यं कृतम् अस्ति। तस्य विपरीतम् भारते ऑनलाइन गेमिङ्ग, सोशल मीडिया च तीव्रगत्या वर्धन्ते, परन्तु बालसुरक्षायाः कृते ठोसः स्पष्टः च नीतेः अभावः अस्ति। अस्मिन् संकटे मातापितृणां भूमिका अपि महत्त्वपूर्णा अस्ति, परन्तु तेषां पूर्णतया दोषं दातुं अन्यायः भविष्यति। मातापितरः एव परिवर्तनशीलप्रौद्योगिक्याः गतिना सह संघर्षं कुर्वन्ति। प्रायः ते स्वबालानां ऑनलाइनभाषां, क्रीडां, मञ्चं वा अवगन्तुं न शक्नुवन्ति। यावत् समस्या लक्षिता भवति तावत् स्थितिः पूर्वमेव दुर्गता अभवत्। ताडनं, मोबाईलफोनजब्धं, कठोरता वा प्रायः बालकान् अधिकं दूरं धकेलति। संचारः, विश्वासः, भावनात्मकसम्बन्धः।

१५ फरवरीतः अपूर्णेषु

# द्रुतमार्गेषु टोल्-दरेषु प्रमुखा राहतः इति सर्वकारः घोषयति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

देशे सर्वत्र द्रुतमार्गेषु गच्छन्तीनां जनानां कृते केन्द्रसर्वकारेण महती राहतस्य घोषणा कृता अस्ति। पथपरिवहनराजमार्गमन्त्रालयेन राष्ट्रियराजमार्गशुल्कनियमेषु संशोधनं कृत्वा आंशिकरूपेण कार्यरतेषु द्रुतमार्गेषु शुल्कदरेषु न्यूनीकरणस्य निर्णयः कृतः। फेब्रुवरी-मासस्य १५ दिनाङ्कात् आरभ्य प्रवर्तमानः अयं नूतनः सर्वकारीयनियमः कोटिकोटि-यात्रिकाणां परिवहनक्षेत्रस्य च प्रत्यक्षं लाभं जनयिष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

मन्त्रालयेन प्रकाशितस्य वक्तव्यस्य अनुसारं यदि राष्ट्रियद्रुतमार्गः पूर्णतया कार्यं न करोति तथा च केवलं केषुचित खण्डेषु यातायातस्य प्रचलनं भवति तर्हि यात्रिकाणां कृते अधिकं शुल्कं न गृह्यते। संशोधितनियमानुसारं एतादृशेषु सन्दर्भेषु पूर्णतया सम्पन्नखण्डेषु राष्ट्रियराजमागार्पेक्षया न्यूनदरेण टोल् ग्रहणं भविष्यति। पूर्वं द्रुतमार्गाः नियमितराष्ट्रीयराजमार्गात् प्रायः २५ प्रतिशतं अधिकं शुल्कं गृह्णन्ति स्म, द्रुतमार्गः पूर्णतया प्रचलति वा न वा इति न कृत्वा सर्वकारस्य मते द्रुतमार्गाः नियमितराष्ट्रीयराजमागार्णाम् अपेक्षया उत्तमं अधिकं नियन्त्रितं च यातायातव्यवस्थां प्रदास्यन्ति, येन द्रुततरं सुरक्षितं च यात्रा सम्भवति। अनेन एतेषु मागेर्षु अधिकं शुल्कं आरोपितम्। परन्तु यदा द्रुतमार्गाः पूर्णतया कार्यं न कुर्वन्ति स्म तदा अपि यात्रिकाणां अधिकं शुल्कं दातव्यम् आसीत्, येन जनसन्तुष्टिः अभवत्। अस्य विषयस्य सम्बोधनाय अधुना सर्वकारेण नियमेषु संशोधनं कृतम् अस्ति। मन्त्रालयेन स्पष्टीकृतं यत् नूतननियमानुसारं केवलं तस्य भागस्य शुल्कं गृह्यते यः पूर्णतया सम्पन्नः कार्यरतश्च अस्ति।

## आश्चर्यजनकः घटनाः : १० कक्षायाः छात्रः छूरेण मारितः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

हरियाणादेशस्य कैथलमण्डलात् एकः आश्चर्यजनकः दुःखदः च घटना उत्पन्नः अस्ति, यत्र बालकानां समूहेन १० कक्षायाः छात्रस्य उपरि छूरैः, यष्टिभिः च आक्रमणं कृत्वा तस्य मृत्युः अभवत्। अस्याः घटनायाः कारणात् क्षेत्रे आतङ्कस्य, आक्रोशस्य च वातावरणं निर्मितम् अस्ति। पुलिसेन अनेकेषां अभियुक्तानां विरुद्धं प्रकरणं रजिस्ट्रेशनं कृत्वा अन्वेषणं प्रारब्धम्। पुलिसस्य अनुसारं कैथलमण्डलस्य रामथली ग्रामे एषा घटना अभवत्, यत्र बुधवासरे १७ वर्षीयस्य छात्रस्य नवरेजसिंहस्य उपरि आक्रमणं कृतम्। प्रारम्भिक अन्वेषणेषु छात्रसमूहद्वयस्य मध्ये विवादः उत्पन्नः इति ज्ञातम्। नवरेजसिंहः अन्ये केचन छात्राः च विवादस्य निराकरणस्य बहाने नहरं प्रति आहूताः।

## राशिफल

**मेष** : आज आप पूरे जोश में नजर आएंगे। लंबे समय से जो काम टल रहे थे, उन्हें पूरा करने का अच्छा मौका है।

**वृषभ** : आपके लिए दिन स्थिर और सुकून भरा रहेगा। काम धीरे-धीरे लेकिन सही दिशा में आगे बढ़ेगा।

**मिथुन** : आज किस्मत आपका साथ दे सकती है। अगर आप किसी नए काम या योजना की शुरुआत करना चाहते हैं तो समय अच्छा है।

**कर्क** : किसी काम में रुकावट आ सकती है, इसलिए धैर्य रखें। ऑफिस में किसी की बात का गलत मतलब न निकालें।

**सिंह** : नौकरी या बिजनेस में किसी के साथ मिलकर काम करेंगे तो ज्यादा फायदा मिलेगा।

**कन्या** : आज आपका ध्यान पैसों और बचत पर रहेगा। आय स्थिर रहेगी और धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**तुला** : आज का दिन मेहनत और जिम्मेदारी का रहेगा। कामकाज में व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन आपकी लगन अच्छे नतीजे देगी।

**वृश्चिक** : आज आप खुद को पहले से ज्यादा आत्मविश्वासी और मजबूत महसूस करेंगे। लोग आपकी बातों को गंभीरता से लेंगे।

**धनु** : आज आपका मन खुश और रचनात्मक रहेगा। कला, लेखन या पढ़ाई से जुड़े लोगों को अच्छा फायदा मिल सकता है।

**मकर** : घर और परिवार से जुड़े कामों में आपका समय ज्यादा जाएगा। किसी घरेलू जिम्मेदारी को निभाना पड़ सकता है।

**कुंभ** : आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा दोनों बढ़े रहेंगे। बातचीत और संपर्क से आपको फायदा मिलेगा।

**मीन** : आज का दिन थोड़ा शांत और सुकून भरा रहेगा। ज्यादा भागदौड़ करने की बजाय आराम से काम करना बेहतर रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि गोचर से इन 3 राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, 5 महीने तक मिलेंगे मनचाहे रिजल्ट

शनि नक्षत्र परिवर्तन से कुछ राशि वालों को विशेष लाभ मिल सकता है। इससे जातकों के अटके काम पूरे और परिश्रमों का मनाचाहा रिजल्ट प्राप्त हो सकता है।

ज्योतिष शास्त्र में शनि न्यायाधीश के रूप में जाने जाते हैं और वह सबसे धीमी गति से चाल चलने वाले ग्रह हैं। वर्तमान में वह राशि चक्र की आखिरी राशि मीन में विराजमान हैं। शनि 2027 तक भी यहां बनेंगे रहेंगे और उसके बाद अपना अगला गोचर करेंगे। लेकिन मीन में रहते हुए कर्मफल दाता शनि 17 मई 2026 को नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। वह उत्तराभाद्रपद नक्षत्र से रेवती नक्षत्र में अपना स्थान लेंगे। यहां पर शनि 17 अक्तूबर 2026 तक बने रहेंगे। इस अवधि में कुछ राशियों को विशेष लाभ और शनि महाराज की असीम कृपा मिल सकती हैं। इन जातकों को प्रयासों का फल, करियर में सफलता, धन लाभ



और आय से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। खास बात यह है कि, इन शुभ परिणामों का फल जातकों पर 5 महीने तक बना रहेगा। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए समय शुभ रहेगा। तनाव से छुटकारा मिल सकता है। करियर-कारोबार के सिलसिले में लंबी दूरी की यात्रा का योग बन सकता है। इस समय लव पार्टनर से सरप्राइज गिफ्ट मिलने पर मन प्रसन्न रहेगा। खास बात यह है कि, नई नौकरी के प्रयास भी सफल होते हुए नजर आएंगे। धन बचत की दिक्कतें दूर होती हुई नजर आएगी। छात्र वर्ग को परीक्षा-प्रतियोगिता में मनचाहा परिणाम प्राप्त होगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों को जीवनसाथी के साथ हंसी-खुशी समय बिताने के अवसर प्राप्त होंगे। कारोबार में मनचाहा लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों का दिल जीतने में सफलता हासिल करेंगे। धनु राशि वाले व्यवसाय में प्रगति को देखकर संतोष महसूस करेंगे। लव पार्टनर के साथ नजदीकियां बढ़ेंगी। नया काम करने का सपना पूरा होगा। अपने लक्ष्यों को लेकर किए गए सभी संघर्ष सफल होते हुए नजर आएंगे।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों को संतान पक्ष की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। कोर्ट-कचहरी में कोई मामला चल रहा है, तो उसमें फैसला आपके पक्ष में आने से बड़ी राहत मिलेगी। परिवार के सदस्यों की तरफ से अपेक्षित सुख-सहयोग प्राप्त होता रहेगा। भाई-बहनों के साथ प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। विदेश यात्रा को लेकर नई डील फाइनल होगी। शनिदेव की कृपा से अटे काम भी पूरे होंगे।

## खबर एक नजर...

### दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक युवक की पहचान

**उज्जैन।** देवास रोड़ नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम बोलासा फंटा पर मंगलवार-बुधवार रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी। अज्ञात वाहन से हुई दुर्घटना की सूचना मिलने पर नरवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचाया। थाना प्रभारी बबलू मंडलोई ने बताया कि मृतक के पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। दुर्घटना सड़क पार करते समय होना सामने आई है। आसपास के लोगों ने भी शिनाख्त से इंकार कर दिया। गुरूवार शाम तक मृतक के संबंध में जानकारी सामने नहीं आई थी। शुक्रवार दोपहर तक पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफना दिया जायेगा।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक की नहीं बची जान

**उज्जैन।** नागदा की जबरन कालोनी में रहने वाला राहुल पिता मांगीलाल खिंची 32 साल बुधवार शाम पत्नी को लेने ग्राम जैथल आया था। चार माह से पत्नी ममता 2 बच्चों के साथ मायके में रह रही थी। राहुल के नशा करने की आदत के चलते ममता ने साथ चलने से मना कर दिया। राहुल ने बस स्टॉपेज पर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे चरक अस्पताल लाया गया, लेकिन आधी रात को मौत हो गई। गुरूवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि राहुल नशा करने का आदी था और पेंटर का काम करता था। उसने ससुराल वालों पर पत्नी को नहीं भेजने के आरोप लगाये थे। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच की बात कहीं है।

### अहमदाबाद से बिहार जा रहा था ट्रेन से गिरा युवक

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के मोमिनपुरा में बुधवार शाम 4 बजे चलती ट्रेन युवक गिर गया था। जिसकी पहचान बिहार के कटिहार के रहने वाले अक्षय पिता संतोषदास 19 वर्ष के रूप में हुई थी। गुरूवार को परिजनों के आने पर सामने आया कि अक्षय अहमदाबाद की राईज मिल में काम करता था। अप्पा एक्सप्रेस से वापस बिहार लौट रहा था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा, बॉडी अंतिम संस्कार के लिये बिहार ले जाई गई है।

### सिगरेट पी रहे युवक को बदमाश ने मारे चाकू

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाने के सामने रहने वाले शेखर पिता मुकेश 20 साल को बुधवार रात गौंड बस्ती की ओर जाने वाले नृसिंहघाट मार्ग पर सिगरेट पीने के दौरान अज्ञात बदमाश ने चाकू मार दिये। शेखर को उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां घायल ने बताया कि वह ढोल बजाने का काम करता है। महाकाल मंदिर दर्शन करने गया था, जहां से लौटते समय किराना दुकान पर सिगरेट पीने रूक गया था। उसी दौरान उसे चाकू मारे गये। उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। चाकू मारने वाले को पहचनाता नहीं है। महाकाल पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### ननद-भाभी के विवाद में 5 साल का मासूम घायल

**उज्जैन।** कहारवाड़ी में रहने वाली नीता पति राकेश कहार का ननद ज्योति से विवाद हो गया था। दोनों के बीच कहासुनी हो रही थी, उसी दौरान ज्योति ने भाभी के पांच वर्षीय पुत्र रोहित धक्का दे दिया। गिरने से रोहित के सिर में चोट लगी और खून निकलने लगा। मां नीता अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मासूम को उपचार के लिये भर्ती कर लिया। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मासूम बालक के घायल होने की सूचना पुलिस को दी गई।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 788-3 | 457-6 |
| मेन बाजार | 388-9 | 457-6 |
| मिलन डे | 177-5 | 670-3 |
| मिलन नाइट | 570-2 | 356 -4 |

4 5 9

### गिरोह में शामिल थी सास, सिहोर जेल में बंद मिले 3 साथी

# उत्तरप्रदेश से गिरफ्त में आई 9 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





शादी के 9 दिन बाद भागी लुटेरी दुल्हन सास के साथ ढाई माह बाद उत्तरप्रदेश के आगरा से पुलिस की गिरफ्त में आ गई। गिरोह के 3 सदस्य सिहोर जेल में बंद मिले। जिसमें से 2 को प्रोटेक्शन वारंट जारी कराकर पूछताछ के लिये लाया गया।

महिदपुर थाना एसआई अन्नपूर्णा कठेरिया ने बताया कि 11 दिसंबर 2025 को सौगानी कालोनी में रहने वाले हर्षद पिता सुनील मेहता 32 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि दिव्या गंधर्व के माध्यम से उसने अपनी शादी के लिये रिश्ता तय किया था। दिव्या ने अपने साथी कृष्णकुमार उर्फ मुकेश, राधा उर्फ राजूबाई, मीना शर्मा के साथ मिलकर प्रियंका शर्मा नाम की लड़की दिखाई। प्रियंका के साथ 22 नवम्बर 2025 को चिंतामण मंदिर में शादी की गई। उस दौरान प्रियंका ने अपनी मां मीना शर्मा के इलाज और परिवार की जरूरत बताते हुए 1.80 लाख रुपए मांगे। रुपए ऑनलाइन और नगद दिये गये थे। शादी के 9 दिन बाद ही पत्नी प्रियंका अपनी मां मीना शर्मा के बाद चली गई और वापस नहीं लौटी, संपर्क करने पर दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया, शादी कराने वाले दिव्या गंधर्व और उसके साथियों का भी पता नहीं चल रहा है। शिकायत पर धारा 318 (4), 61 (2), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया गया। मामला शादी के नाम पर संगठित गरोह और लुटेरी दुल्हन का होने पर जांच शुरू की गई। जानकारी सामने आई कि लुटेरी दुल्हन प्रियंका शर्मा और मीना शर्मा उत्तरप्रदेश के आगरा में है। दोनों की गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की गई। जहां से दोनों को हिरासत में लिया गया और महिदपुर लाया गया। दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से रिमांड मिलने पर उनके गिरोह की जानकारी जुटाई गई। गिरोह में शामिल दिव्या गंधर्व, मुकेश उर्फ कृष्णकुमार और राधाबाई सिहोर जेल में बंद होना सामने आये। गिरोह ने सिहोर के भैरूंडा में शादी के नाम पर धोखाधड़ी की है। तीनों का प्रोटेक्शन वारंट जारी कराया गया, जहां से दिव्या और मुकेश को पूछताछ के लिया गया। राधाबाई मीणा का प्रोटेक्शन वारंट 18 फरवरी का जारी है। गिरफ्त में आये चारों से पूछताछ के बाद गुरूवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

#### शादी में मां बनकर आई थी, निकली सास

एसआई कठेरिया ने बताया कि शादी के 9 दिन बाद भागी प्रियंका शर्मा ने पूर्व में रिश्ता तय होने पर मीना शर्मा को अपनी मां बताया था। लेकिन गिरफ्त में आने पर पता चला कि मीना शर्मा सास है। प्रियंका पूर्व से शादीशुदा है। उसका पति मजदूरी के सिलसिले में अधिकांश समय बाहर रहता है। दोनों सास-बहू गिरोह के संपर्क में आ गई थी, प्रियंका का कहना था कि उसने गिरोह में शामिल होकर पहली बार ही शादी की है।

#### गिरोह की मास्टर माइंड दिव्या गंधर्व

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि शादी के नाम पर संगठित गिरोह चलाने वाली मास्टर माइंट सिहोर की दिव्या गंधर्व है। उसने अपने साथी मुकेश और राधाबाई के साथ मिलकर 3 से 4 शादी पूर्व में की थी और लाखों की धोखाधड़ी कर चुकी है। उज्जैन जिले में पहली बार साजिश रचकर हर्षद मेहता को फंसाया था।

# करंट के तारों के बीच मृत पड़ा मिला छटी का छात्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



कक्षा छटवीं में पढ़ने वाला छात्र गुरूवार शाम को घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद छात्र खेत में मृत पड़ा मिला। जहां खुले बिजली के तार मौजूद थे। छात्र की करंट लगाने से मौत हो गई थी।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि ग्राम पिपलिया बिछा में रहने वाला कक्षा छटवीं का छात्र अरकान पिता इरफान शाह 11 साल दोपहर में खेलने गया था, जब काफी देर तक नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। घर से कुछ दूरी पर बाबू परमार के खेत में छात्र बेसुध पड़ा मिला। परिवार उसे उठाने पहुंचा तो बिजली के तार खुले पड़े दिखाई दिये। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पहुंची और तारों को हटाकर छात्र का शव चरक अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है, शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल पर जांच के दौरान सामने आया कि बाबू परमार ने मवेशियों को खेत में घुसने से रोकने के लिये खुले तार बिछाये थे। मृतक छात्र खेलते समय खेत में चला गया था।

# सौहार्द-शांति के साथ मनाये त्यौहार : नरवर पुलिस

### महाकाल पुलिस ने क्षेत्र में निकाला फ्लैग मार्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



महादेव की भक्ति का पर्व महाशिवरात्री, मुस्लिमों का पवित्र माह रमाजन और होली-रंगपंचमी का पर्व आगामी दिनों में मनाया जाना है। जिले की कानून-व्यवस्था और पर्व, त्यौहार शांति-सौहार्द्र के साथ मनाये जा सके इसको लेकर नरवर पुलिस ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। वहीं महाकाल थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

15 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। वहीं कुछ दिन बाद पवित्र माह रमजान की शुरूआत होगी। मार्च माह में होली-रंगपंचमी का त्यौहार मनाया जायेगा। सभी त्यौहार शांति और सौहार्द्र के साथ मनाये जा सके इसको लेकर गुरूवार को नरवर थाना पुलिस ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। जिसमें उपपुलिस अधीक्षक भारतसिंह यादव, तहसीलदार दिप्ती मांझी, थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई और थाना स्टॉफ के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। उपपुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि सभी त्यौहारों को सौहार्द्रपूर्ण और आपसी भाईचारे के वातारवण में मनाया जायेगा। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। सभी शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दे ताकि त्यौहारों में खलल डालने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। बैठक में सभी नागारिकों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग की बात कहीं। इधर शाम को महाकाल थाना पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। 15 फरवरी को बाबा महाकाल के दरबार में महाशिवरात्री का पर्व मनाया जायेगा। देशभर से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। सभी की सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर पुलिस क्षेत्र में अलर्ट है।

### दूध की टंकी में भरी मिली 41 हजार की देशी शराब

# आबकारी टीम ने पीछा कर पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बाइक पर दूध की टंकी में अवेध शराब का परिवहन करने वाले को आबकारी की टीम ने गुरूवार शाम पीछा कर पकड़ लिया। टंकी में 41 हजार की देशी शराब भरी होना सामने आई है। बाइक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मुकेश रंदा ने बताया कि मक्सीरोड पर बाइक सवार द्वारा दूध की टंकी में अवैध शराब का परिवहन किये जाने की खबर मिल रही थी। गुरूवार शाम प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के मार्गदर्शन में वृत प्रभारी उपनिरीक्षक हिमांशु अग्रवाल की टीम को अलर्ट किया गया और मक्सीरोड पर नाकाबंदी की गई। पिंगलेश्वर मार्ग पर सांची फैक्ट्री के समीप बाइक पर दूध की टंकी लेकर आता व्यक्ति दिखाई दिया। जिसकी घेराबंदी कर पीछा किया और पकड़ा गया। दूध की टंकी को चैक करने पर उसमें देशी शराब के 125 पाव लगभग 4 पेटी बरामद हो गये। जिसकी कीमत 41 हजार रुपए होना पाई गई। दूध की आड़ में अवैध शराब का परिवहन करने वाला हीरामिल की चाल में रहने वाला मुन्नालाल पिता अमरचंद बैरवा होना सामने आया। शराब के साथ उसकी 80 हजार कीमत की बाइक जप्त कर मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1995 की धारा 34 (1), 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। आबकारी अधिकारी रंदा के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है। शुक्रवार को रिमांड पर लिया जा सकता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com